B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

HINDI (085)

Class : VIII

PERIODIC TEST 1
SET 2

Date :

Duration : 1 Hrs
Max. Marks: 25

Admission No.:

Roll No.:

(खंड क अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए 7

बेरोजगारी आज के समय में एक गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्या बन चुकी है। जो विकासशील देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बेरोजगारी के बढ़ते स्तर से लोगों की आय और जीवन स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक है ,जिसके कारण उन में असंतोष और मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तिगत समस्याओं को बढ़ावा देती है बल्कि समाज में अपराध अस्थिरता और आर्थिक असमानता जैसी समस्याओं को भी जन्म देती है इसके कारण समाज में कई वर्गों के बीच संतुलन उत्पन्न हो रहा है जिससे आर्थिक असमानता और तनाव बढ़ रहा है बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकारी कई उपाय कर रही हैं जैसे कि रोजगार सृजन के कार्यक्रम कौशल विकास योजनाएं और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना इसके साथ ही शिक्षा प्रणाली में सुधार कर व्यावसायिक प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोग नई नौकरियों के लिए योग्य बन सके निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश भी बढ़ाया जा रहा है ताकि अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हो एक स्थिर और समृद्ध समाज के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन और बेरोजगारी में कमी अत्यंत आवश्यक है।

1 बेरोजगारी के बढ़ते स्तर से क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

क) लोगों की आय और जीवन स्तर पर नकारात्मक प्रभाव

ख)लोगों की मानसिक स्थिति में सुधार

ग) शिक्षा प्रणाली में सुधार

घ) बेरोजगारी का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा

2 सामाजिक और आर्थिक असमानता को किस कारण बढ़ावा मिल रहा है ?

क) बेरोजगारी के बढ़ते स्तर

ख) शिक्षा प्रणाली में सुधार

ग) निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश

घ) छोटे उद्योगों का विस्तार

3 कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

कथन A बेरोजगारी के बढ़ते स्तर से लोगों की आय और जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है

कारण R बेरोजगारी से मानसिक तनाव और असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है

विकल्प

क कथन A तथा कारण R दोनों गलत है

ख कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है

ग कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है

घ कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

4 बेरोजगारी के कारण कौन सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं ?

5 बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार कौन से उपाय कर रही है ?

(खंड ख व्यावहारिक व्याकरण)

2 निर्देशानुसार निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए (7)

1संज्ञा की परिभाषा लिखिए संज्ञा के कितने भेद होते हैं उनके नाम लिखिए

2 सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयुक्त होता है

3 सर्वनाम के भेद के नाम लिखिए

4 प्रविशेषण किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखिए

5 कल रात मेरे पीछे काला सांप पड़ गया था विशेषण तथा विशेष्य छांटकर लिखिए

6 रमेश पतंग उड़ा रहा है क्रिया छांटकर लिखिए

(खंड ग प्रश्नोतर)

3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए | (6)

1 मानव का कल्याण इस कविता में कवि ने क्या-क्या करने को कहा है ?

2 निर्वाण की राहें कैसे मिल सकती हैं?

3 इस कविता का मूल्य क्या है

(खंड घ रचना खंड)

4निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (5)

विज्ञान के चमत्कार

संकेत बिंदु

- आधुनिक युग विज्ञान का योग्य आवश्यकता
- आविष्कार की जननी
- प्रत्येक क्षेत्र विज्ञान से संबंधित रोगों पर नियंत्रण
- विज्ञान का दुरुपयोग

समाप्त